# साहित्यिक समिति

साहित्यिक समिति महाविद्यालय की छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु एक सशक्त मंच प्रदान करती है जिससे सृजनशीलता एवं सम्प्रेषण कला के माध्यम से वे जीवन पथ पर निरन्तर सफलता के विभिन्न आयामों को प्राप्त कर सके। विद्यार्थियों के ज्ञानवर्द्धन के उद्देश्य से वर्षपर्यन्त अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिससे वे समसामयिक एवं प्रासंगिक विषयो पर भी अभिव्यक्ति के माध्यम से साहित्य व अन्य विषयों के प्रति रूचि एवं कम्यूनिकेटिव स्किल्स (सम्प्रेषण कौशल) का विकास कर सकें।

प्राचार्य डॉ. मीना बया के संरक्षण तथा समिति प्रभारी डा. शिवे शर्मा के निर्देशन में समिति सदस्यों डॉ. तीर्थानन्द मिश्र, डॉ. चन्दनबाला मारू, डॉ. सविता वर्डिया, डॉ. मधु सांखला, डॉ. श्रुति टण्डन के सक्रिय सहयोग से स्वरचित कविता पाठ, भाषण, वाद–विवाद, निबंध, विचार–अभिव्यक्ति, वाक् कौशल, Creative Expression प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

माह सितम्बर में 'राष्ट्रपिता महात्मा गॉंधी के जीवन से सीख' विषयक अभिव्यक्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 'श्रेष्ठ अभिव्यक्ति' सुश्री नम्रता डांगी, नन्दिता जारोली, हर्षिता सुथार एवं जयश्री कच्छावा की रही।

छात्राओ को सुसंस्कृत एवं संस्कारित बनाने हेतु 'त्यौहार, उत्सव एवं जीवन मूल्य' विषय पर निबन्ध प्रतियोगित्ता आयोजित हुई। जिसमें सुश्री वनिता शर्मा एवं डिम्पल अहिर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रवीना मेघवाल एवं हर्षिता सुथार क्रमश; द्वितीय व तृतीय रहीं।

गॉंधी जयन्ती–सप्ताह के अवसर पर दिनांक 4 अक्टूबर 2022 को आयुक्तालय प्रपत्र की अनुपालना के सन्दर्भ में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था 'गॉंधी जीवन दर्शन'। गर्व का विषय है कि इसमें महाविद्यालय की सुश्री लावण्या पुरोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

8 अक्टूबर को महात्मा गॉंधी के जीवन पर आधारित जिला स्तरीय Quiz Contest का आयोजन किया गया। शांति एवं अहिंसा निदेशालय, जयपुर द्वारा निर्देशित इस कार्यक्रम में गॉंधी जी के जीवन पर केंद्रित 6 राउण्ड्स रखे गये। उदयपुर जिले के विभिन्न महाविद्यालय की 7 टीम बनायी गई, जिनके नाम इस प्रकार रखे गये सत्य, अहिंसा, धर्म, संस्कार, सौहार्द्र, साहस एवं संयम।

पुनः गौरव का विषय है कि महाविद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम की छात्राओं के नाम इस प्रकार है – सुश्री गरिमा गर्ग, नम्रता डांगी, अरिमा खान, प्राची चौबीसा, प्रियांशी तँवर।

शिक्षा दिवस दिनांक 11 नवंबर के अवसर पर सम्पूर्ण महाविद्यालय की छात्राओं मे शिक्षा की चेतना के सतत संचार हेतु 'शिक्षा का अर्थ एवं महत्त्व विषय' पर विचार अभिव्यक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुश्री कंचन कुवर, चंचल राणावत, सुनयना पालीवाल, रूकैया तथा निदा खान की प्रस्तुतियॉं प्रशंसनीय रही।

बाल दिवस 14 नवबर के अवसर पर 'बाल मन की सुन्दर प्रेरणीय कथा' The Beautiful and Motivational Story of the Child's Mind and Heart विषयक वाक् कौशल एवं प्रभावी लेखन प्रेजेन्टेशन सेशन रखे गये। कविता पाठ में प्रथम सुश्री जुही भटनागर, कल्पना कुमावत, द्वितीय रवीना मेघवाल, नम्रता डांगी व तृतीय नीलम व श्रेया जोशी रहीं।

संविधान दिवस 26 नवबर को 'संविधान एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर का योगदान' विषयक जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उदयपुर जिले के 121 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। पुनः गौरव का विषय है कि महाविद्यालय की सुश्री सोनाली राठौड़ ने सम्पूर्ण जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साहित्यिक समिति द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रस्तुति के आधार पर सुश्री गरिमा गर्ग (बी.एस.सी. तृतीय वर्ष) का चयन सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति / अभिव्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ छात्रा के रूप में किया गया।

दिनांक 25 नवम्बर को महाविद्यालय स्तर पर स्वरचित कविता पाठ एवं वाद– विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वाद–विवाद का विषय था : –'वर्तमान परिप्रेक्ष्य मे सोशल मीडिया युवाओ के सृजनात्मक विकास में सहायक है।' वाद–विवाद प्रतियोगिता में सुश्री मेघना शर्मा प्रथम, मनीषा सेन द्वितीय, उर्वशी श्रीमाली तृतीय रहीं। स्वरचित कविता पाठ में सुश्री कोमल उदावत व कल्पना कुमावत प्रथम व गरिमा गर्ग द्वितीय रहीं। पुनः गौरव का विषय है कि राजकीय महाविद्यालय, महाराणा प्रताप, चित्तौड़ में आयोजित संभाग स्तरीय स्वरचित कविता पाठ एवं वाद–विवाद प्रतियोगिताओं में क्रमश सुश्री कल्पना कुमावत द्वितीय एवं उर्वशी श्रीमाली तृतीय रहीं।

उन्नत भारत अभियान एवं साहित्यिक समिति के संयुक्त तत्त्वावधान में दिनांक 21 से 24 दिसम्बर को सरकार की फ्लेगशिप योजना पर आधारित आशुभाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्नत भारत अभियान की समन्वयक डॉ. लाजवन्ती बनावत एवं संयोजक डॉ. शिवे शर्मा थीं।

21.12.2022 को आयोजित आशुभाषण प्रतियोगिता के प्रथम चरण (विषय : सरकार की फ्लेगशिप योजनाएँ) में प्रथम स्थान पर गरिमा गर्ग, द्वितीय पर गायत्री मेहता, आंचल चौबीसा, दिव्यांशी सोनी एवं तृतीय पर रितु कुँवर, गरिमा मीणा रहीं।

दिनांक 22.12.2022 को आशुभाषण प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में प्रथम स्थान पर रवीना गर्ग, द्वितीय पर वनीता शर्मा, तृतीय पर कंचन कुँवर एवं अक्षिता गर्ग रही।

23.12.2022 निबंध प्रतियोगिता के प्रथम चरण विषय 'सरकार की फ्लेगशिप योजनाएँ में प्रथम वनिता शर्मा, गरिमा गर्ग एवं निदा खान, द्वितीय मालविन्दर सालवी, बुशरा खान, रितु कुँवर एवं तृतीय तनुजा पाटीदार व खुशबु गरासिया रही।

24.12.2022 निबंध प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में प्रथम सुश्री गरिमा गर्ग, द्वितीय कृतिका पूर्बिया, तृतीय लावण्या पुरोहित रही। उन्नत भारत अभियान एवं साहित्यिक समिति द्वारा दिनांक 21 से 24 दिसम्बर को आयोजित कार्यक्रमों / प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह रखा गया एवं विजेता छात्राओ को पुरस्कृत किया गया।

जनवरी माह मे सरस्वती वाटिका के सुन्दर मुक्ताकाश में Creative Expression in Open Air Session का आयोजन किया गया। छात्राओं में ब्तमंजपअपजल के साथ ही च्वेपजपअपजल का विकास हो एवं प्रकृति प्रेम से संवेदनशीलता का समावेश भी हो इसी मन्तव्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं ने 'ज्पउम' (समय), 'जल', 'ध्वनि प्रदूषण', "मसा त्मेचमबज'ए 'डवजीमत (माँ)' , 'छंजनतम' 'फूलश, 'च्तमदज' आदि विषयों पर मौलिक विचारों को लेखन के साथ–साथ रंगीन चित्र बनाकर एवं बोलकर भी अभिव्यक्त किया । सुश्री आशा पालीवाल, निधि, सौम्या, रितु कुँवर, शीतल प्रजापत, नीतू राजपूत, सिमरन बेग, विशाखा रेगर, टीना मीणा, मधु मीणा, मीनल सुथार, वनिता शर्मा, अंजली प्रजापत, विनीता कुमावत, पायल तेली, निशा श्रीमाली, जयश्री कच्छावा, अनु सिसोदिया, गुड़िया मीणा की प्रस्तुतियाँ प्रशंसनीय रही तथा विजेता छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।


जिला-
स्तरीय
भाषण
प्रतियोगिता
विषय
'गाँधी-
दर्शन'
राजकीय मीरां कन्या महाविद्यालय, उदयपुर
साहित्यिक समिति







राजकीय मीरां कन्या महाविद्यालय, उदयपुर
Shot on moto g82 5G


राजकीय मीरां कन्या महाविद्यालय